जगत प्रकाश नड्डा
JAGAT PRAKASH NADDA

मंत्री
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
व रसायन एवं उर्वरक
भारत सरकार
**Minister**
**Health & Family Welfare**
**and Chemicals & Fertilizers**
**Government of India**



## संदेश

हिंदी दिवस हमारी समृद्ध भाषायी विरासत, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को स्मरण करने का अवसर है। भारत की भाषायी विविधता हमारी विशिष्ट पहचान है। इस विविधता के बीच हिंदी ने संवाद, संपर्क और आपसी जुड़ाव की एक सशक्त कड़ी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

राजभाषा का प्रभावी प्रयोग प्रशासन को अधिक सुगम, पारदर्शी, उत्तरदायी एवं जनोन्मुखी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के क्षेत्र में सरल, स्पष्ट और सहज हिंदी के माध्यम से योजनाओं, नीतियों तथा स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित जानकारी जनसामान्य तक अधिक प्रभावी, सहज और व्यापक रूप से पहुँचाई जा सकती है।

आइए, आज हिंदी दिवस के पावन अवसर पर हम राजभाषा हिंदी के संवर्धन तथा राजकीय कार्यों में उसके अधिकाधिक एवं गुणवत्तापूर्ण प्रयोग का प्रण लें। साथ ही, देश की समस्त भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करें।

आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

(जगत प्रकाश नड्डा)

**कार्यालयः** कमरा नं. 12107, द्वितीय तल, 'सी' विंग, कर्तव्य भवन–1, नई दिल्ली–110001
**Office:** Room No. 12107, 2nd Floor, 'C' Wing, Kartavya Bhavan-1, New Delhi-110001
Tels.: (O): +91-11-24013301, 24013302, 24013303 • **E-mail:** min-hfm@gov.in